कार्यालय प्रधानाचार्य :: जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज :: कानपुर।
Tel.:+91-51272535483, E-mail : gsvm@yahoo.co.in, website : www.gsvmmedicalcollege.com

संख्याः /सी0रेजी0/नान पी0जी0/छा0लि0–1/26 दिनांकः 14, सितम्बर, 2026

–: **सेवायोजन विज्ञप्ति** :–

इस कार्यालय के सेवायोजन विज्ञप्ति संख्याः 141/ छात्र लि0–1/एन0डी0/2026 दिनांक– 02, जुलाई, 2026 के कम में इस चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं पी0एम0एस0एस0वाई0 में सृजित सीनियर रेजीडेन्ट, व नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) पदो के सापेक्ष रिक्त पदों एवं भविष्य में होने वाले रिक्त पदों को संविदा के आधार पर वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से दिनांक **23, सितम्बर, 2026 (दिन– बुधवार)** को चयन किया जाना है। इच्छुक सम्बन्धित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उक्त निर्धारित तिथि को **प्रातः 10:00 बजे से** अपने समस्त मूल शैक्षणिक अभिलेख, दो वर्तमान की फोटो, एक प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन फॉर्म (form) को पूर्ण कर इस चिकित्सा महाविद्यालय के पी0सी0आर0 कक्ष, **मेडिकल कॉलेज, कानपुर** मे अभिलेखों के **सत्यापन/वॉक इन इण्टरव्यू** हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

उक्त निर्धारित साक्षात्कार तिथि से जब तक रिक्त पदों की पूर्ति नही हो जाती तब तक हर माह के प्रत्येक बुधवार को साक्षात्कार कराया जायेगा। पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

नोटः– उपरोक्त पदों हेतु एम0सी0आई/एन0एम0सी0 मानकों के अनुरूप अर्ह अभ्यर्थी ही मान्य होगें।

सीनियर रेजीडेन्ट के रिक्त पदों का रोस्टरवार विवरण

शा0संख्या–I/386182/2023, शासना0 सं0–4215, 3735 1532, 784 एवं 05 के अधीन

कम सं0	विशिष्टता का नाम	रिक्त पद	रिक्त पद (श्रेणी सहित)				
			UR	OBC	SC	ST	EWS
1	Orthopaedics	2	0	1	0	-	1
2	Ophthalmology	2	1	-	-	1	-
3	Emergency Medicine	12	05	02	03	01	01
4	Anaesthesia	11	1	3	02	02	03
5	ENT	2	1	1	-	-	-
6	Medicine	15	3	06	2	01	03
7	Surgery	12	4	2	3	1	2
8	Respiratory Medicine	3	-	1	1	-	01
9	Dermatology	5	02	02	01	-	-
10	Anaesthesia Trauma	15	7	6	1	-	1
11	Radiology	9	1	03	4	-	01
12	Surgery Trauma	3	2	01	-	-	-
13	Ortho Trauma	2	-	-	01	-	01
14	Neurology	06	02	01	01	01	01
15	Neurosurgery	04	02	01	01	-	-
16	Psychiatric	01	01	0	0	0	0
17	MDS Dental	01	01	0	0	0	0

पी0एम0एस0एस0वाई0 के अन्तर्गत सीनियर रेजीडेन्ट के रिक्त पदों की रोस्टानुसार विवरण

क0	विशिष्टता	रिक्तपदों की संख्या	रिक्त पद (श्रेणी सहित)				
			UR	OBC	SC	ST	EWS
1	Endocrinology	06	02	02	01	-	01
2	Anaesthesia-ICU	06	03	01	02	-	-
3	Critical Care-ICU	06	02	02	01	-	01
4	Gastroenterology	06	03	02	01	-	-
5	Neuro Anaesthesia-ICU	06	02	02	01	-	01
6	Neurology	06	02	03	01	-	-
7	Neuroradiology	03	-	01	01	-	01

8	Neurosurgery	06	03	01	02	-	-
9	Nephrology	06	02	01	01	01	01
10	Pain Medicine	06	03	02	01	-	-
11	Physical Medicine & Rehabilitation	06	01	02	02	-	01
12	Urology	05	03	01	01	-	-

नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) पदों पर रोस्टर

क्रम सं0	विशिष्टता का नाम	रिक्त पद	रिक्त पद (श्रेणी सहित)				
			UR	OBC	SC	ST	EWS
1	Non PG Hospital Admin. (GSVM)	03	01	-	02	-	-
2	Non PG Hospital Admin. (J.K. CANCER INST.)	02	01	01	-	-	-

नियम एवं शर्तें :

- उक्त पदों हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों को अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण–पत्रों एवं 02 नवीन फोटो, मेडिकल काउंसिल के स्थाई पंजीकरण सहित उपस्थित होना अनिवार्य है। आरक्षित श्रेणी के अभ्यार्थियों को आयु में शासकीय नियमानुसार छूट प्रदान की जायेंगी तथा साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय न होगा।
- उक्त रिक्त सीनियर रेजीडेन्ट्स/नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन पदों की कार्यकाल अवधि अस्थायी एवं टेन्योर (सीमित अवधि) अधिकतम एक वर्ष अथवा **यदि, सीनियर रेजीडेन्ट पदों पर महानिदेशालय/शासन स्तर से बॉण्डधारी अभ्यर्थी/अन्य अभ्यर्थी व पूर्व में सेवायोजित बॉण्ड अभ्यर्थी, जो कि फैलोशिप प्रशिक्षण हेतु कार्यमुक्त किये गये है, द्वारा पुनः योगदान दिया जाता है/नियुक्ति प्रदान की जाती है, तो यह नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जायेगी। इसके लिये अलग से कोई आदेश/निर्देश की आवश्यकता नहीं होगी। विज्ञापित पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।**
- बॉण्ड के अन्तर्गत सीनियर रेजीडेन्ट पद पर कार्यरत अभ्यर्थी जो कि नियमानुसार अनापत्ति प्राप्त कर फैलोशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने गये, के सापेक्ष पदों पर सेवायोजन प्रदान किये जाने की दशा में यदि, बॉण्डेड अभ्यर्थी पुनः ज्वाईन करते है तो सम्बन्धित की सेवाये /नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जायेगी।
- पी0एम0एस0एस0वाई0 सीनियर रेजीडेन्ट मे सुपरस्पेशियलिटी सीटो पर डी0एम0/एम0सी0एच0 अभ्यर्थी को ही सुपरस्पेशियलिटी भवन मे बाण्ड के अन्तर्गत सेवाये प्रदान किये जाने हेतु योगदान कराया जायें। यदि सुपरस्पेशियलिटी विशिष्टताओ के डी0एम0/एम0सी0एच0 अभ्यर्थी उपलब्ध नही होते है तो उस दशा मे जनहित एवं रोगीहित को ध्यान मे रखते हुये सुपरस्पेशियलिटी भवन के संचालन के दृष्टिगत सम्बन्धित विशिष्ठता मे एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0 अभ्यर्थी को योगदान कराया जाये।
- उक्त निर्धारित साक्षात्कार तिथि तक किसी भी विभाग में उपरोक्त के सीनियर रेजीडेन्ट पद रिक्त होने की दशा में सम्बन्धित का भी साक्षात्कार सम्पन्न कराया जायेगा।
- **नॉन पी0जी जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) हेतु शैक्षिक योग्यता– एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सीय संस्थान से दो वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री– मास्टर्स इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन अनिवार्य है।**
- **साक्षात्कार में उपरोक्त सम्बन्धित उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को यू0पी0 मेडिकल काउंसिल का स्थायी रेजिस्ट्रेशन लाना अनिवार्य है।**
- चयनित अभ्यार्थियों की सूची इस कॉलेज के वेबसाइट पर प्रदशित की जायेगी तथा सम्बन्धित को नियुक्ति पत्र निर्गत किये जाने हेतु मोबाईल से सूचित किया जायेगा, जो कि कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्राप्त करना होगा। डाक व अन्य माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रेषित नही किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को विभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार विभाग के अतिरिक्त आकस्मिक विभाग में आकस्मिक कार्य भी करना अनिवार्य होगा। किसी भी संस्था में कार्य कर रहे अभ्यार्थियों को उस संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।
- आवश्यक नोटः–कालेज की वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन फार्म का प्रिन्ट आउट निकालकर एवं पूर्ण कर वॉक इन इन्टरव्यू में अपने साथ लाना सुनिश्चित करें।

(प्रधानाचार्य)
मेडिकल कालेज, कानपुर।

संख्या–212/तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1 महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी, मेडिकल कालेज, कानपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को अपने विभाग के नोटिस बोर्ड में लगवाने की व्यवस्था अपने स्तर से करें तथा साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।
3. कुलसचिव/ प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, लखनऊ/ सैफई,इटावा/ मेरठ/ आगरा/ इलाहाबाद/ झांसी/ गोरखपुर/ अम्बेडकर नगर/ कन्नौज /जालौन / बांदा/सहारनपुर/बदांयू को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को कार्यालय/छात्रावासो की नोटिस बोर्ड तथा कालेज की बेवसाइड पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
4. आहरण एवं वितरण अधिकारी, मेडिकल कालेज, कानपुर।
5 प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान, मेडिकल कालेज, कानपुर को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को समस्त मेडिकल कालेजों को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
6. प्रभारी अधिकारी वेबसाइट, मेडिकल कालेज, कानपुर को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर upload/प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
7 सूचना पट, कालेज/केन्द्रीय पुस्तकालय/छात्रावास, मेडिकल कालेज, कानपुर।

(प्रधानाचार्य)
मेडिकल कालेज, कानपुर।